17.58 hrs.

## BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

### TWENTY-SEVENTH REPORT

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND COMMUNICATIONS (DR. RAM SUBHAG SINGH): Sir, I beg to present the Twenty-seventh Report of the Business Advisory Committee.

---

17.58 ¼ hrs.

## MOTION RE: TENSION ON INDIAN BORDERS—*Contd.*

SHRI VIKRAM CHAND MAHAJAN (Chamba): There can be no two opinions about the burning situation prevailing on our borders with China and Pakistan. In spite of our best efforts, we have not been able to improve our relations with those two countries and the reasons are not far to seek. Both Pakistan and China are suffering from internal economic and political problems. When we look at Pakistan we find that during the last twenty years her economy has deteriorated. Politically it has become more fascist than ever. Therefore, there are agitations all over Pakistan. In order to divert the attention of the people of Pakistan from the internal situation, the authorities in Pakistan have consistently followed a policy of whipping up a campaign against India. similarly in China also the cultural revolution and the great leap have miserably failed and misfired. So, they also want an outlet for the discontentment of their people and they have whipped up a campaign against India.

The question is how we can meet this situation. Here I must compliment our Defence Minister for what he has done. So far as the army is concerned. it is being equipped with the best modern arms. Then, better and bigger divisions are being created. Then, our ordnance factories are turning out better weapons and better tanks. We are trying to face the problem on both the economic and defence fron t.

Now I want to make a few suggestions. My first submission is that we should not neglect our border villages and the people living there. They should be armed to the teeth so that they can become border fortresses, which become impregnable as our Chitor fortress once upon a time.

So I submit that each border village should be turned into a border fortress with wireless equipment. Intelligence help should be given to them and taken from them. That will stand us in great stead.

18 hrs.

Similarly, there should be compulsory military training of students. All over the world, specially in advanced countries, even in America, there is a military course for all students. I submit that this will increase our defence power and we shall be able to meet our defence requirements so far as Pakistan and China are concerned and, at the same time, will reduce the cost. We shall have a ready force available to us in time of need.

Thirdly, our soldiers and officers are retired at a very young age and they have a period of insecurity facing them after their retirement. I submit that if possible certain jobs should be reserved for them in the Secretariat services, the Central Services, the public utility services, so that as soon as they are sent out of the army they are absorbed in these services. The soldier is retired at the age of 35—normally that the retirement age of soldiers—which is a very young age. At that age it is very difficult for him to adjust with a pension of hardly Rs. 30 or Rs. 35. So I submit that priority should be given to soldiers in the civil services so that they have a feeling of security after their retirement.

Similarly, children of people who are staying at the borders should be given priority in education, in the services, and we should subsidise education in border areas so that they are not taken in by the propaganda of the other countries. Even in Nagaland and Mizo area if we put in proper reservation in services and subsidised and gave them proper education, I think, we can easily meet the situation.

[ Shri Vikram Chand Mahajan ]

Finally, as has been put in by many other speakers, I emphasize the aspect that all the border areas should be rehabilitated with people in whom you have confidence. I am not saying that people in the border areas are bad or of doubtful character. What I am submitting is that no risk should be taken so far as our border areas are concerned and it is better that we settle more people there whom we can trust.

SHRI E. K. NAYANAR (Palghat): Sir, the border security question must be treated not only militarily but also politically. Even though we have a strong military, we must learn lessons from the Second World War and from the Vietnam and American war. Only three crores of people in Vietnam have been fighting for the last 22 years against France and America.

AN HON. MEMBER: Because of nationalism.

SHRI E. K. NAYANAR: If we rally our people, if we mobilise the people and the Government is able to get their confidence, we can meet any aggression from outside.

AN HON. MEMBER: Including China's.

SHRI E. K. NAYANAR: We have to view it from that point and not from the point of military weapons only. We know, what weapons America is using against the Vietnam people. But here the point is not that. For the last 20 years our dispute with Pakistan has been there. For the last eight years our dispute with China is there. Our friends who have spoken previous to me asked who are our friends now among the adjacent countries.

AN HON. MEMBER: China.

SHRI E. K. NAYANAR: Not China. Even with Ceylon the dispute is there. There are reports in Mandalay that there was a dispute between India and Burma about some islands. I do not know whether it is correct. There was a dispute even with Nepal. There are disputes between China and India.

Now, we have a dispute with Soviet Union that they are giving aid and weapons to Pakistan. Even American Patton tanks attacked in 1965 on the borders of Punjab. And your friend is America. They have supplied Patton tanks to Pakistan even through Iran.

Your diplomatic line has failed. You are isolated in the international field. You cannot resist an enemy only with military weapons. China has I. C. B. M.; America has hydrogen bomb; Soviet Union has atomic weapons. Weapons alone cannot resist an enemy. You have no ally in the world now. You are isolated.

SHRI RANDHIR SINGH: You are coward.

SHRI E. K. NAYANAR: You do not know A. B. C. of international diplomacy.

In 1956, India had alies throughout the world. Soviet Union was India's ally; China was friendly to India; America was friendly and all the countries were friendly. Were we fools during Pandit Nehru's period? No. (*Interruption*) My proposal is that we must take initiative with China and Pakistan. We should not have anti-China policy. Even America is contacting China. American and Chinese representatives are going to meet in Warsaw on February 20. Why not India take initiative with China? If we take initiative a peaceful settlement with China and China resist it, they will be isolated in the world. You must take initiative.

You must take initiative with Pakistan. During the last 20 years, the dispute with Pakistan is there. How long will it continue? Are you going to destroy Pakistan and China? To solve the boundary disputes with them, we must take initiative. Our Prime Minister, Mrs. Indira Gandhi, is continuing anti-China policy. While touring Latin American countries, this is what the newspaper report of 9th October says. I quote:

> "Mrs. Indira Gandhi last night gave a clear analysis of India's foreign policy in Santiago where she addressed Chile's

Institute of International Studies and the Chilean Council of World Affairs, reports P. T. I.

She answered a number of searching but sympathetic questions.............The Chinese threat on the Indian borders has not been reduced in the slightest by the American intervention in Vietnam."

I want to know whether you are going to take anti-Cnina policy throughout the South-East Asian countries. You cannot take initiative to settle the boundary dispute ? Even America is contacting China. Even West Germany and Britain are trading with Cnina. They are trying to make friendly atmosphere with China. British imperialism is trading with China. That is why they are able to compete with America.

So, my proposal is that India must take initiative. Don't take anti-China policy. You take initiative for a peaceful settlement with Pakistan. You must win over the confidence of the Kashmiri people including Sheikh Abdullah. Don't revoke article 370 of the Constitution. The leaders of the NGOs were detained in Kashmir during the last 8 months. They were transferred 200 miles away from Jammu. They were treated badly. They are not released. They are demanding only Central Government D. A. to be given to them. That is their crime. That is why they were detained. The Government must win over the confidence of the people in Kashmir including Sheikh Abdullah and then we can settle the border dispute. Between Kashmiri people and India, the crisis is there. But you cannot solve the problem by taking only the military line. No country in the world can solve the border dispute only by taking the military line. You get the confidence of Kashmiri people also to settle the border dispute. At the same time, you must mobilise the people to safeguard our independence.

**श्री विभूति मिश्र** (मोतिहारी) : सभापति महोदय, जो हमारी सरकार ने अब तक किया है वह काबिले तारीफ है और आगे हमारी सरकार जो कर रही है वह सारा काम प्रशंसनीय है। लेकिन एक बात मैं बतलाना चाहता हूं। महाभारत में भीष्म पितामह ने कहा है और खास तौर से कहा है कि अपने सरहद पर के देशों के साथ पूरी मित्रता बरतें। इसके अलावा सरहद के देशों को अपने से कमजोर रखो। यदि सरहद का देश तुम से मजबूत होता है तो उसके लिए पूरी तैयारी करो। ऐसा करो कि सरहद के देश को तुम्हें किसी न किसी दिन हड़प लेना पड़े। मैं सरदार स्वर्ण सिंह और ललित नारायण मिश्र से कहूंगा कि महाभारत शांति पर्व को पढ़ें और देखें कि भीष्म पितामह ने क्या कहा है।

**एक माननीय सदस्य** : कौटिल्य ने भी यही कहा है।

**श्री विभूति मिश्र** : मैं बताना चाहता हूं कि हमारे देश के सरहद पर दो बड़े देश हैं। एक देश है पाकिस्तान और दूसरा है चीन। पाकिस्तान की आबादी हमसे एक चौथाई है। पाकिस्तान से वह खतरा नहीं है लेकिन एक बात मैं कहूंगा कि पिछली पाकिस्तान की लड़ाई में अगर 700 वर्ग मील हमने कब्जा किया तो लगभग 200 वर्ग मील के उसने भी कब्जा किया। यह आप कह सकते हैं कि उसने पहले हमला किया तो कुछ ज्यादा प्राप्त कर लिया। लेकिन 21 दिन बाद जब लड़ाई चलती रही तो आपकी ताकत यह होनी चाहिए थी कि पाकिस्तान को हड़प लें और हड़प करके तब कोई समझौता करते। आपने ताशकन्द समझौता किया तो अंग्रेजों के दबाव से या रूस के दबाव से किया। मैं उसको शोभनीय कार्य नहीं कहता हूं, मैंने जयपुर में उसका विरोध किया था और आज भी कहता हूं कि ताशकंद का समझौता नहीं होना चाहिए था।

दूसरी बात मैं बतलाना चाहता हूं। हिन्दुस्तान जब जब गुलाम हुआ तब हमसे सुपीरियर वेपन दुश्मन के हाथ में रहे। जब हिन्दुस्तान पर विदेशी मुसलमानों ने हमला किया तो उनके हाथ में गन पाउडर था।

[श्री बिभूति मिश्र]

हमारे हाथ में गन पाउडर नहीं था । इसलिए हमारे ऊपर वह विजयी हो गए। आज हमको मिलाना चाहिए कि असली दुश्मन हमारा पाकिस्तान नहीं है। असली दुश्मन चीन है। चीन हमसे हवाई जहाज में, समुद्री जहाज में और पैदल सेना में कितना बड़ा है, मैं सरदार स्वर्ण सिंह से पूछना चाहता हूं, क्या आपकी इंटेलिजेंस बताती है ? अपने देश में कोई बात होती है उसको पैकिंग का रेडियो तुरंत उसे एनाउन्स करता है लेकिन उसके देश की कोई गड़बड़ आपके रेडियो से एनाउन्स होती है ? आपको पता भी नहीं रहता है कि उसके देश में क्या हो रहा है। सबसे जबर्दस्त बात यह है कि उसके पास आज एटम बम हो गया। हमारे नेता लोग यह कहते हैं कि अगर वह हमारे पर हमला करेगा तो और हमारे देश आएंगे हमारी मदद में। कभी कोई देश हमारी मदद में नहीं आएगा। जब उसके हाथ में एटम बम हो गया तो पांच दस एटम से वह रशा का वारा न्यारा कर सकता है, अमेरिका का कर सकता है, हमारा भी कर सकता है । इसलिए उसके हाथ में ताकत है। ताकतवर देश जितने होते हैं वह आपस में समझौता कर लेते हैं और कमजोर को निगल जाते हैं ।

इसलिए मैं बताना चाहता हूं, हम लोग अपने जीवन के संध्या काल में हैं। अगर इस देश को कोई खतरा हुआ और यह देश गुलाम हुआ तो यह सारे नेता, यह सारे केबिनेट के नेता जिम्मेदार समझे जाएंगे । सत्य और अहिंसा के नाम पर जो प्लो यह लेते हैं यह गलत प्ली है । अगर सत्य अहिंसा के मानने वाले होते गांधीजी के जैसे फौज नहीं रखते । एक सिपाही नहीं रखते। सबको ऐसी ही शिक्षा पढ़ाते। लेकिन आपने थ्री नाट थ्री रखा, आटोमेटिक गन रखा, सारी चीजें रखीं। तो मैं नहीं समझता कि यह कौनसा सिद्धान्त है ?

कहते हैं कि एकोनामिक कंडीशन हमारी खराब है। मैं पूछना चाहता हूं कि 30 अरब रुपया पब्लिक सेक्टर में लगाकर कितनी आपने आमदनी बढ़ाई है ? आप खुद अपनी एकोनामिक कंडीशन को खराब कर रहे हैं । मैं समझता हूं कि देशभक्ति उस समय थी जब हम स्वराज्य की लड़ाई लड़ते थे अंग्रेजों से तो दो धोती पांच पांच हाथ की रखते थे, एक ओढ़ने के लिए रखते थे। न सोने का ठिकाना होता था, न खाने का, न रहने का । आज हम चाहे मेम्बर हैं, मंत्री हैं चाहे आफिसर हैं, चाहे पूंजीपति हैं, कोई नहीं रहता है उस तरह से । 47 वर्ष की आजादी की लड़ाई के दिनों में हमने अपना विरक्तता का जीवन बिताया । आज भी मुकाबिला करना है चीन से तो आपको आज से निश्चय करना चाहिए कि हम अपना जीवन सादगी से बिताएंगे और इस तरह से बचत करके अपने देश की ताकत को बनाएंगे ।.. ..[व्यवधान]..... उनको तो आपने पन्द्रह मिनट दिया । क्या मैं मेम्बर नहीं हूं ? आपने ऊपर लिखा है "धर्म चक्र प्रवर्त्तनाय" तो उनको तो 20 मिनट टाइम आप दें और हमें सिर्फ पांच मिनट देना चाहते हैं ? मैं चार टर्म से मेम्बर हूं वह एक टर्म से हैं। सबको बराबर समय मिलना चाहिए ।

मैं बताना चाहता हूं कि और देशों में ऐसी हालत नहीं हैं। हमारे देश में माओ-वादी हैं । अभी इलाहबाद में देखा गया कि वहां फोटो लगा दिया माओ का । इससे पता चलता है कि आज देश में कितने देशभक्त लोग हैं । यह भी लिखा है भीष्म पितामह ने कि राज्य के अन्दर पता लगाते रहना चाहिए कि कौनसे लोग देशद्रोह का काम करते हैं ? उनको पूरा दंड देना चाहिए । लेकिन हमारी सरकार दंड नहीं दे रही है । यह माओ-वादी केरल मे क्या कर रहे हैं ? परसों अखबार में पढ़ा कि नक्सलाइट्स ने किसी के खेत को लूट लिया । अगर ऐसी हालत रहेगी तो आप क्या करेंगे ? यह जरूरी है कि देश के अन्दर शांति रहे, तब आप लड़ाई लड़ सकते हैं। यह सरदार स्वर्ण सिंह का काम नहीं है । यह गृह

मन्त्री का काम है। गृह मन्त्री को सोचना चाहिए और सारा काम स्टेट पर नहीं छोड़ देना चाहिए। केन्द्र को जब तक हिन्दुस्तान में बलवान बनाकर नहीं रखेंगे हिन्दुस्तान की ग्राजादी खतरे में रहेगी। जब जब हिन्दुस्तान में केन्द्र कमजोर हुआ है हिन्दुस्तान की आजादी चली गई है। इसलिए केन्द्र को मजबूत बनाकर रखना चाहिए।

दूसरी बात–मेरा इलाका नेपाल के बोर्डर से मिला हुआ है। वहां रक्सौला से काठमांडू तक हमने सड़क बनाई और काठमांडू से कोदारी तक चीन ने सड़क बनाई है। कोदारी से तीन चार मील की दूरी पर उसका एक बहुत जबर्दस्त फौजी अड्डा है। सरदार स्वर्ण सिंह पता लगाएं कि कितना बड़ा चीन का मिलिटरी अड्डा वहां बन गया है और उसमें फोटो लगाया माओ-त्से-तुंग का, जो फोटो ऐसे इशारा कर रहा है हिन्दुस्तान की तरफ उंगली उठा कर। उस फोटो को देखा जाय। वहां पर बड़ा भारी मिलिटरी अड्डा बन गया है और अगर वह चाहे तो दो तीन घंटे में बल्कि दो तीन घंटे तो बहुत हैं, एक घंटे में ही उसका हवाई जहाज यहां आ सकता है। सारे तिब्बत में पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण सड़कों का जाल बिछा हुआ है। किसी भी दिन हमारा बोर्डर खतरे में पड़ सकता है और हमारी स्वाधीनता खतरे में है। हमारी सरकार को इसके ऊपर ध्यान देना चाहिए। हम लोग कुछ बोलते हैं तो सरकार कहती है कि बोर्डर पर कोई मिलिटरी अड्डा बनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि नेपाल एतराज करता है। अरे, चीन को जिस दिन नेपाल को लेना होगा एक मिनट में ले लेगा। चन्द मिनटों का खेल है। हमारे ललित नारायण मिश्र जी जानते हैं कि बोर्डर पर क्या हालत है। मैंने सरदार स्वर्ण सिंह से प्राइवेट में भी कहा है कि कुछ कीजिए। लेकिन उस बोर्डर पर कोई हम लोगों की सुरक्षा के लिए मिलिटरी अड्डा या फौजी अड्डा या किसी तरह का कोई कारखाना, कोई तैयारी नहीं है। हम लोगों की स्वाधीनता बहुत खतरे में है और यह हमको आश्वासन देते हैं। क्या हम लोग अन्न नहीं खाते हैं, पानी नहीं पीते हैं या हवा में सांस नहीं लेते हैं? क्या हम अकल नहीं रखते हैं? हम बहुत वक्त से हैं, आप से ज्यादा समझते हैं। आप हमारे खतरे को नहीं समझते कि क्या खतरा है? 21 दिन की लड़ाई के बाद ही आपकी एकोनामिक कंडीशन खराब हो गई उसी की दौहाई देते हैं। चीन का मुकाबिला कैसे करेंगे? वह हमारा पूरा दुश्मन है। उसके मुकाबिले के लिये पनडुब्बी जहाज बनवाइये। उत्तरी सीमा पर खतरा है। कौनसा उसके लिए इंतजाम कर रहे हैं? लेकिन जो भी इंतजाम करते हैं वह चीन के मुकाबिले में नहीं है।

मैं समझता हूं कि देश की सुरक्षा का सवाल किसी पार्टी का सवाल नहीं है। हर आदमी का सवाल है। देश रहेगा तो हम रहेंगे, देश नहीं रहेगा, तो हम नहीं रहेंगे। पार्टी तो टेम्पोररी चीज है। आज हमारी पार्टी में रहे कल दूसरी पार्टी में चले गए। इससे देश का कोई सम्बन्ध नहीं है। देश तो इससे अलग है। देश की सुरक्षा बहुत जबर्दस्त चीज है। इसलिये मैं कहूंगा, सरदार जी, आप बताइए, कैबिनेट में बताइए। अगर देश की सुरक्षा के लिए कैबिनेट मंजूरी नहीं देती है तो हट जाइए। लेकिन देश बड़ा है। देश की सुरक्षा को हम नहीं भुला सकते। इसलिए मैं कहूंगा चाहे प्राइम मिनिस्टर हों, चाहे सुरक्षा मिनिस्टर हों, चाहे कोई मेम्बर हो, सबके सामने देश सबसे बड़ा है। हम देश की स्वाधीनता के लिए लड़े हैं। इसलिए नहीं लड़े हैं कि गुलामों के साथ गुलामी करेंगे। अगर अंग्रेजों के साथ हम लड़े तो अपने देश के लोग ठीक काम नहीं करेंगे तो उसके साथ भी लड़ेंगे। इसलिए मैं चाहूंगा कि समय रहते चेत जाइए नहीं तो देश की सुरक्षा खतरे में है।

**18.19 hrs.**

SHRI DINKAR DESAI (Kanara): Perhaps I am the last speaker in this debate. Many points have been made in this debate and I do not want to repeat those very points. But, I would like to add one or two more points and ask certain questions from the Defence Minister and also from some Members of the Congress party who have already spoken. For example, Shrimati Sharda Mukerjee said that we are creating panic by our speeches.

I am very sorry she has not taken into consideration what the Defence Minister himself had stated in his annual report for last year. If she had carefully read it, she would have been convinced of one thing.

SHRI DHIRESWAR KALITA: Last year, not this year.

SHRI DINKAR DESAI: This year, it is much worse, as I will show.

SHRIMATI SHARDA MUKERJEE: I did not say 'we are creating'; I said 'we can create'. I want to remove that misunderstanding.

SHRI DINKAR DESAI: Today the position has become much worse in our relationship with Pakistan. Today Bhutto has the upper hand there. He may be in jail, but his followers are there.

AN HON. MEMBER: His *bhoots*.

SHRI DINKAR DESAI: Yes. He is more anti-Indian than Ayub Khan.

SHRI DHIRESWAR KALITA: He should be in jail for a long time.

SHRI DINKAR DESAI: Mahatma Gandhi was in jail, but India was not. If the leader of a country is put in jail, his movement becomes stronger.

So the danger from Pakistan has increased, The danger from China has also increased.

MR. CHAIRMAN: He has only five minutes.

SHRI DINKAR DESAI: I am making only few points.

With regard to China, 13-16 divisions are permanently stationed on the Tibet side of our border. This number was much less before. The danger from China is described by the Defence Minister himself in his last annual report where he says:

> "The Chinese are strengthening their position on the northern borders. There is evidence that in the eastern sector, they are not only taking a more prominent hand in insurgency on the other side of the border but are also helping hostiles on our side as well. Their nuclear development proceeding at a more accelerated pace than anticipated is also posing a serious threat to our security".

This clearly shows the gravity of the position. Shrimati Sharda Mukerjee made another astonishing statement, that the Chinese are making great sacrifices, Indians are not, and as a result, we are not in a position to fight the Chinese without foreign aid, foreign help. This is an astounding statement to make.

In the first place, she belongs to the ruling party. If she thinks that India cannot defend herself which I do not believe then why is there no defence pact with any other country? The Congress Party is not for a defence pact with any other country.

Secondly, I have full confidence in the Indian masses. They are capable of as much sacrifice, or even more sacrifice than the Chinese masses, provided Government take them into confidence. Government must take the masses into confidence. Then they will fight.

What is happening today? In the name of three Five Year Plans, the rich have become richer and the poor have been bled and are starving. Under these circumstances, you cannot expect that people will show any enthusiasm to fight a war. That is why it is necessary that Government should take into the fullest confidence our masses. It is not a question of only fighting forces fighting a war; it is a question of internal psychology that you must create in a nation. The Indian masses are capable of any amount of sacrifice. They rose as one man when we

were attacked by China and Pakistan. Even poor people gave away their ornaments to swell the defence fund.

SHRI M. L. SONDHI : But they, people opposite, betrayed us.

SHRI DINKAR DESAI : Yes.

I quoted the Defence Minister's statement where he referred to the atomic threat from China as very serious. But he has not suggested any solution. What is the solution he has in view ?

As far as our Government are concerned, they are against the manufacture of atom bomb. If so, what is going to be our defence against the atom bomb from China ?

That he has not mentioned in the report. Is it Ambar Charkha ? Is it may be the Sudarsan Chakra of Sri Krishna in this Kali Age ? That is why I would like to know how our Defence Minister is going to have defence against the atom bomb.

Another important member from the Congress Party made the suggestion that promotions at the top of the Army should not be by seniority alone. It is a significant statement I should say. If seniority is not the criterion, what should be the criterion ? There can be favouritism in the Army also, so many other things. That is why this is a very dangerous suggestion that has come from the member of the ruling party. Particularly when Mr. Krishna Menon was the Defence Minister, there were complaints of promotions in the Army on favouritism and ideological grounds also. Now, some people feel that because a particular nation gives more aid, there may be a hint from that nation that a particular person should be appointed, because past history has shown that..........

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SWARAN SINGH) : I think it is much too serious a statement to make, and should not be made.

SHRI INDER J. MALHOTRA : I am afraid the hon. member has not followed my suggestion.

SHRI DINKAR DESAI : So, I want to have a categorical statement that nobody will be promoted on ideological basis or because of pressure from a foreign Power which gives us arms.

Under all circumstances let us be quite sure in our mind that no nation will come to the help of another nation unless that nation itself has the fullest self-confidence and preparedness to fight and protect its borders. Let us not depend on anybody, not on America, not on Russia. We cannot depend on anybody in this world, we have to depend upon ourselves. We are a nation of 50 crores, and if these 50 crores are taken into confidence by the Government as I have suggested, we can fight anybody in the world provided at the same time our Government has full preparedness and a proper organisation and gives proper modern equipment to the Army.

I have some other points, but unfortunately there is no time, but I am sure the Defence Minister will reply to all my points.

MR. CHAIRMAN : There are six members on the Congress side plus the hon. Minister plus the reply by the Mover. Therefore, I will call the last speaker on the Congress side, Shri Sheo Narain.

SHRI BHOLANATH MASTER (Alwar) : My name is there.

श्री शिव नारायण (बस्ती) : माननीय चेयरमैन महोदय, हमलोग इस समय बार्डर सिचुएशन पर बहस कर रहें हैं, इस मौके पर मैं एक कहावत कहना चाहता हूं :

कर बहियां बल आपनी तजो पराई आस ।

इस का जबाव हम ने पाकिस्तान को दिया है । जब 1965 में उन्होंने हमारे ऊपर आक्रमण किया तो हमारे 22–22 वर्ष के जवानों ने अपने छोटे छोटे नेट्स से पाकिस्तान के मंबर-जेट्स को मार गिराया । हम निराशावादी नहीं है । हम ने इस गवर्नमेन्ट की रेस्पोंसिबिलिटी को अपने शोल्डर पर लिया है, यह हमारी गवर्नमेंन्ट है और हम इस मुल्क

[श्री शिव नारायण]

के रेस्पोंसिबल मेम्बर हैं । मैं निराशवादी लोगों को बताना चाहता हूं हिन्दुस्तान कमजोर नहीं है, जब जरूरत होगी हिन्दुस्तान एक साथ हो जायेगा । हां, यह हमारी ड्यूटी है कि हम इस गवर्नमेन्ट को सचेत करें ।

सभापति महोदय, मैं बार्डर प्रदेश से आता हूं, नेपाल बार्डर से आता हूं और मेरे मित्र ठाकुर साहब भी हमारे जिले से ही आये हैं । वह अंग्रेजी में बोले, लेकिन मैं हिन्दी में बोल रहा हूं ।

**श्री रणजीत सिंह** : म इस लिये अंग्रेजी में बोला कि आपके मंत्री महोदय हिन्दी समझ नहीं पाते हैं ।

**श्री शिव नारायण** : जब तक अंग्रेजी इस देश से नहीं जायेगी, तब तक यह देश उठने वाला नहीं है । अश्वत्थामा हतो नरोवा कुंजरोवा—वाली नीति से देश को सावधान रहना चाहिये । मैं देश की उस भूमि से बोल रहा हूं—यह दिल्ली महाभारत की तपोभूमि थी, यहां गीता रची गई थी, जहाँ से मेरे दोस्त रणधीर सिंह आते हैं । मैं अपने हरियाणा के लोगों से कहना चाहता हूं, सरदार स्वर्ण सिंह से कहना चाहता हूं कि आप भगत सिंह के बलिदान को न भूलें ।

आज उसी बलिदान की बदौलत यहां पर मिनिस्टर हो, सुभाषचन्द्र के बलिदान की बदौलत मिनिस्टर हो । आज एक-एक हिन्दुस्तानी उस बात को भूले नहीं । हमारे पास आज भी ऐसे नोजवान हैं । मैं वाजपेयी जी से भी कहना चाहता हूं, बड़ी गम्भीरतापूर्वक इस बात को लो, आप चाणक्य की औलाद हो, चाणक्य ने कहा था 'शठं शाठ्ये समाचरेत' । सरकार को भी इस नीति को बर्तना चाहिए । हमें पाकिस्तान से कोई भय नहीं है और न हमें चीन से कोई भय है लेकिन हमको इजरायल से सबक सीखना चाहिए । . . [व्यवधान] . .

मैं दिल्ली वालों से भी कह रहा हूं, मैं दिल्ली के 57 कालेजों में बच्चों को ट्रेनिंग देकर लौटता हूं, हमारे नौजवान कमजोर नहीं हैं, उनमें अभिमन्यु और लक्ष्मण जैसे वीर पैदा हो रहे हैं । लेकिन मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि जरा आप अपने दायें-बायें भी देखो, अपना दामन भी देखो कि क्या हो रहा है । . . . . [व्यवधान] . . . .

मैं देश के नाम पर बोल रहा हूं, कांग्रेस पार्टी के नाम पर नहीं बोल रहा हूं ।

न पैमां शिकन है, न गद्दार हैं हम,
वतन परवरी के खतावार हैं हम ।

भारतमाता के नाम पर हम अपना एक-एक बूंद-खून अर्पण करने के लिए तैयार हैं लेकिन सरकार बार्डर्स पर हमारे आदमियों को अच्छी ट्रेनिंग की व्यवस्था करे, वहां पर अच्छी सड़कें बनाये । चीन और पाकिस्तान यह सब काम कर रहा है । हमको भी यह काम अच्छी तरह से करना है, हल्ला-गुल्ला करने की कोई जरूरत नही है । हमको हर तरह से एलर्ट रहना है, अपने जवानों को तैयार रखना है, देश में अधिक-से-अधिक अनाज और कपड़ा पैदा करना है । . .
[व्यवधान] . . . .

**एक माननीय सदस्य** : फेमिली प्लानिंग ?

**श्री शिव नारायण** : फेमिली प्लानिंग की कोई जरूरत नहीं है । वे लोग निकम्मे हैं जोकि फेमिली प्लानिंग की बात करते हैं । आज हमको मर्दों की जरूरत है क्योंकि हमको अकेले चीन और पाकिस्तान, दोनों से ही निपटना है । आज हमको तलवार खींचने वाले वीरों की जरूरत है । इसलिए मैं अपने डिफेन्स मिनिस्टर और मिश्रजी से भी कहना चाहता हूं कि देश में बढ़िया-बढ़िया तोप बंदूक और मशीनें बनाओ । मैं साथ ही जोशी जी से भी कहना चाहता हूं कि हम लोग निराशावादी नहीं हैं । जब हम पर पाकिस्तान ने हमला किया था तो पंजाब की पब्लिक ने

घरों में रोटियां पका-पका कर जवानों को फ्रन्ट पर खिलाई थी। हम कमजोर नहीं हैं। आपकी यह निकम्मी नीति हमको पसन्द नहीं है। हम तो अपना सीना तानकर तैयार हैं इस देश की रक्षा के लिए। लेकिन मैं सरदार साहब से भी कहना चाहता हूं कि वे भगतसिंह के खून के बलिदान को न भूलें। एटम बम या हाइड्रोजनबम हमारे लिए कोई हौवा नहीं है। आप एटामिक एनर्जी को इसी तरह से इस्तेमाल करो और छोटे-छोटे ऐसे हथियार बनाओ जिनको कि हर जगह गावों में, जंगल में इस्तेमाल किया जा सके।

मैं अन्त में एक बात कहकर समाप्त करूंगा कि सरकार अपनी राजधानी, लाल-किला, ताजमहल, इन सबको हिफाजत का इन्तजाम करे। तिब्बत में चीन का हवाई अड्डा बना हुआ है इसलिए भारत को भी अपनी रक्षा का भी इन्तजाम करना जरूरी है। यहां पर जो हमारे एक्सपर्टस बैठे हुए हैं मैं उनसे भी कहना चाहता हूं कि अंग्रेजियत को छोड़कर. . . . [**व्यवधान**]. . . .

मैं मन्त्री महोदय, से भी कह रहा हूं कि खुस्चेव जब हिन्दुस्तान में आए थे तब उन्होंने प० जवाहरलाल नेहरू से एक सवाल किया था कि आपने जो इतने बड़े-बड़े डैम्स बनाए हैं, उनकी प्रोटेक्शन का क्या इन्तजाम किया है। . . . . [**व्यवधान**]. . . .

दानां दुश्मन नादान दोस्त से अच्छा होता है। चीन ने हमको अच्छे मोके से जगा दिया है। अब भी सबेरा है, आप सचेत हो जाइये। मैं अपने डिफेन्स मिनिस्टर साहब से अन्त में यही कहना चाहता हूं कि आप सारे देश को एक सूत्र में बांधिए, इस देश की हिफ़ाजत आपके कंधों पर है और आप इस जिम्मेदारी से बरी नहीं हो सकते हैं।

**श्री रबि राय** (पुरी) : सभापति जी, आज मैं श्री प्रकाशवीर शास्त्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने देश की सुरक्षा के अन्तर्गत पाकिस्तान और चीन के मसले पर यहां बहस उठाई। इस सरकार के ऊपर मेरा पहला आरोप यह है कि इस सरकार के इरादे में कमी आ गई है। इस देश की रक्षा और स्वाधीनता की रक्षा के लिए इस सरकार का जो संकल्प होना चाहिए वह आज नहीं है। सभापति जी, कल आप स्वयं इस हाउस में मौजूद थे जबकि कच्चातीबू पर बहस हो रही थी। श्री सुरेन्द्र पाल सिंह ने यहां पर यह फर्माया था, इस सरकार की ओर से कि कच्चातीबू में कोई आदमी नहीं रहता। यह खुशी की बात है कि डी० एम० के० के एक सदस्य ने उनकी इस बात का खंडन करते हुए यहां पर कहा था कि वहां पर हिन्दुस्तान के आदमी जाते हैं, फिशरमेन जाते हैं मछली पकड़ने के लिए लेकिन सीलोन की सरकार उनको गिरफ्तार कर लेती है। और 8-10 दिन के बाद छोड़ देती है। असल में दस बारह साल पहले इसी सदन में उस समय के प्रधान मन्त्री, नेहरू जी ने जो पाप किया था, यह कहकर कि हिन्दुस्तान का जो अक्शाई चिन है–जबकि चाइना का हमला हुआ था . . [**व्यवधान**] . . वहां पर कोई आदमी नहीं रहता। जब हमारे देश का कोई प्रधान मन्त्री या मन्त्री देश की सीमा के बारे में यह कहता है कि वहां कोई दूब नहीं उगती, कोई आदमी नहीं रहता, तो फिर उसको क्या कहा जाए ? केवल यही कहा जा सकता है कि वह कपूत है, सपूत नहीं। . . . . [**व्यवधान**]. . . .

जहां तक देश की रक्षा का सवाल है, बावजूद इसके कि हमारे पास अच्छी सेना है, अच्छे औजार हैं लेकिन हमारे संकल्प में कमी है। यह ठीक है कि हम चीन से हार गए थे लेकिन सन् 65 में हमने पाकिस्तान को हराया उससे और हमारे देश के लोगों में आत्मविश्वास जमा। हमारे नेता डा० राममनोहर लोहिया ने उस समय यह मांग की थी कि नेफा की हार के बाद कम-से-कम हेंडरसन बुक्स की जो उसके सम्बन्ध में रिपोर्ट है उसको सभा पटल पर रखा जाए जिससे यह पता चल सके कि नेफा में, बोमडीला में हमारा क्यों पतन हुआ,

[ श्री रवि राय ]

उसका क्या कारण था ? आसामवासियों से प्रधान मन्त्री ने यह कहा था कि आपके लिए हम दुखी हैं, हमारे मन में आपके लिए हमदर्दी है लेकिन वे वहां की जनता में आत्म-विश्वास नहीं जगा पाए और उनसे यह नहीं कह पाए कि तुम चीन को हराओ । आज हमारे सामने प्रश्न यह है कि किस तरह से इस देश की रक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए ? मुझे खुशी है कि आज भी कांग्रेस दल में विभूति मिश्र जैसे पुराने आदमी हैं, जोकि लड़ाकू हैं और जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ़ लड़ाई लड़ी थी । उनके मन में देश प्रेम जगा हुआ है और वे भी सरकार से कह रहे हैं कि अगर आप देश की रक्षा नहीं कर सकते हैं तो इस्तीफा दे दीजिए । तो सबसे पहले मेरा कहना यह है कि हेंडरसन ब्रुक्स की रिपोर्ट को सभा पटल पर रखा जाए ताकि सारे सदन को और देश को पता चल सके कि क्या हमारी कमजोरी थी ।

सभापति महोदय, मैं अभी वाजपेयी जी से बातचीत कर रहा था कि हमारे दो पड़ोसी दुश्मन है, पाकिस्तान और चीन, लेकिन यह बात साफ है कि उन दोनों में कुछ फर्क है । पाकिस्तानी बीस-बाइस साल पहले हमारे ही भाई थे । आपको भी याद होगा कि पाकिस्तान के पार्टिशन के पहले, पार्टिशन के सिलसिले में कांग्रेस में जो प्रस्ताव पास हुआ था उस पर गांधीजी ने कहा था कि हमेशा एक देश की तस्वीर अपने सामने रखो, आगे चलकर कभी भी दोनों देश एक बनेंगे । इस प्रकार से चीन और पाकिस्तान, दोनों में गुणात्मक फर्क है । लेकिन इसका मतलब कतई यह नहीं है कि पाकिस्तान हमारी जमीन हड़प ले और भाई के नाते हम उसको छोड़ दें । इस तरह की मेरी कतई मंशा नहीं है । आज कुछ लोगों के दिमाग में यह है कि चीन का सबसे बड़ा दुश्मन अमरीका है, दर्शन के नाते क्योंकि अमरीका में पूंजीवाद और प्रजातन्त्र है जब कि चीन में तानाशाही है । लेकिन 5-6 साल पहले और आज की स्थिति में परिवर्तन हुआ है । आज अमरीका की जनता के प्रभाव से अमरीका की सरकार और चीन के बीच डिप्लोमैटिक टाक्स होती हैं, आपस में वे लोग मिलते हैं । इस बात से हमको सबक सीखने की जरूरत है । हो सकता है कि अगर कभी चीन हमारे उपर हमला करे तो अमरीका अपने स्वार्थ के नाते हमारा साथ न दे । इसको याद रखना चाहिए और उस को याद रख कर मैं सरदार स्वर्ण सिंह से यह दरख्वास्त करना चाहता हूं कि हमें अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए, हमें पूरी तरह आत्म-निर्भर बनने की कोशिश करनी चाहिए । कहने का तात्पर्य मेरा यह है कि हम अपने देश में से पूंजीवाद का एकदम खात्मा करके एक आर्थिक क्रान्ति करके अपने देश का ढांचा आर्थिक समानता के आधार पर बनायें । अगर हम वैसा करते हैं तो जो किसान, मजदूर आज शोचनीय अवस्था में हैं और पूंजीवादी व्यवस्था के कायम रहते पिसे जाते हैं और तहस-नहस हो रहे हैं वह एक नई उमंग और आज़ादी के साथ देश के किसी भी दुश्मन के खिलाफ मुस्तैदी के साथ खम ठोंक कर खड़े हो जायेंगे क्योंकि जहां तक देश प्रेम का सवाल है उस की तो उनमें कोई कमी है ही नहीं । वह हमारे किसान और मजदूर लोग किसी भी भारत के दुश्मन से लड़ेंगे और इस देश की हिफाजत अपनी जान देकर भी करेंगे ।

अभी पिछले जून मास मे मुझे रूस जाने का मौका मिला था । भले ही रूस से हमारा चाहे जो भी मतभेद हो लेकिन मैं श्री स्वर्ण सिंह को याद दिलाना चाहता हूं कि हिटलर की सेना उन के लेनिनग्राड को 90 दिन तक लगातार घेरे पड़ी रही लेकिन रूसी लोगों ने हिम्मत नहीं हारी । रूसी सेना उनसे जूझती रही और उन्होंने शत्रुओं से बड़ी लड़ाई लड़ी और हिटलर की सेना 90 दिन के बाद भी लेनिनग्राड रूसियों से ले नहीं पाई थी ।

इसी तरह ब्रिटेन के बारे में मैं बतलाना चाहता हूं । उस समय ब्रिटेन के प्रधान मन्त्री श्री चर्चिल होते थे । यह ठीक है कि मैं बहुत सी चीजों में चर्चिल को पसन्द नहीं करता लेकिन चर्चिल की उस मौके की हिम्मत की मैं तारीफ किये बगैर नहीं रह सकता जबकि हिटलर ने लंदन पर बम गिराये थे और लन्दन को गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया था । तो चर्चिल ने अपने देशवासियों को अपनी आजादी की हिफाजत के लिए ललकारा था । चर्चिल ने लोगों से हिम्मत न हारने को कहा था और यह घोषणा की थी कि लंदन अगर खत्म भी हो जायगा तो कोई पर्वाह नहीं हम समुद्र में जाकर हिटलर का मुकाबला करेंगे । जरूरत आज उस तरह के दिमाग की हमारे देश में है । मेरा सुझाव है कि हमारी सुरक्षा सेनाओं का पुनर्गठन होना चाहिये । सरकार फौज के लिये अनिवार्य भरती की व्यवस्था करे । 24-25 साल के हर एक भारतीय नौजवान को फौज में भरती किया जाय ताकि देशवासियों के दिमाग में देश की पूरी तरह से सुरक्षा करने की भावना उत्पन्न हो । साथ ही स्कूली छात्रों को और देश के नौजवानों को कम्पलसरी मिलेट्री ट्रेनिंग देनी चाहिये ।

